दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, सोमवार 24 जून 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-262

## महत्वपूर्ण एवं खास

### गरीब छात्रों को मिलेगी 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप

#### केजरीवाल सरकार का बड़ा तोहफा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने भी कमर कस ली है। केजरीवाल सरकार ने आज दिल्ली के छात्रों के बड़ा तोहफा दिया है। दिल्ली के शिक्षा मंत्री व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि जिस परिवार की सलाना इनकम एक लाख रुपये से कम है, उनको फीस में 100 फीसदी दी जाएगी। यानि वे लोग पढ़ाई के दौरान जितनी फीस जमा करवाएंगे उन्हें उतने रुपए स्कॉलरशिप के रूप में वापस मिल जाएंगे। जिस परिवार का सालाना आय 1 लाख से 2.5 लाख है उनको फीस की 50त्न स्कॉलरशिप और 2.5 लाख से 6 लाख की सालाना आय वाले परिवार के छात्रों को फीस की 25त्न स्कॉलरशिप दी जाएगी। इसके अलावा सरकारी स्कूल के छात्रों को सीबीएसई बोर्ड की फीस नहीं देनी होगी, अभी तक छात्रों को 1500 रुपये सीबीएसई बोर्ड की फीस देनी पड़ती थी। दिल्ली के शिक्षा मंत्री ने यह ऐलान त्यागराज स्टेडियम में 12वीं कक्षा में टॉप करने वाले छात्रों के सम्मान समारोह के दौरान किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मुख्य अतिथि रहे। गौर हो कि आगामी वर्ष में दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने वाले है। इसे देखते हुए केजरीवाल सरकार ने पहले ही महिलाओं को मुफ्त मेट्रो सुविधा का बड़ा ऐलान किया था।

### दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष मनोज तिवारी को जान से मारने की धमकी

#### पुलिस ने दर्ज किया केस

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष मनोज तिवारी को जान से मारने की धमकी मिलने से सनसनी फैल गई। सांसद मनोज तिवारी ने बताया कि शुक्रवार को उन्हें एक अनजान शख्स की तरफ से एक मैसेज आया। इसमें उनको जान से मारने की धमकी दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली पुलिस को शिकायत की गई। शिकायत करने के बाद दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है और धमकी देने वाले व्यक्ति की तलाशी कर रही है। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता नीलकान्त बख्शी ने बताया कि ये किसी सिरफिरे की करतूत हो सकती है। लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने कहा कि इसके बारे में मौखिक रूप से दिल्ली पुलिस को सूचित कर दिया गया है। वे इसके लिए लिखित शिकायत भी दर्ज कराने जा रहे हैं।

### वयोवृद्ध दंपति-नौकरानी की गला रेत कर हत्या

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली के बसंत विहार में एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। यहां एक वयोवृद्ध दंपति और नौकरानी की गला रेतकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। रविवार सुबह साउथ वेस्ट दिल्ली में तीनों का शव उनके ही अपार्टमेंट में मिला है, सूचना मिलने पर पुलिस और क्राइम टीम मौके पर पहुंच गई और अपनी तफ्तीश शुरू कर दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुजुर्ग विष्णु माथुर सीजीएचएस से रिटायर हुए थे, जबकि उनकी पत्नी शशि माथुर एनडीएमसी से रिटायर हुई थीं। वहीं नौकरानी का नाम खुशबू नौटियाल है। शक है कि बुजुर्ग दंपति और नौकरानी की हत्या के पीछे चोरी या लूट की आशंका है। दंपति नौकरानी के साथ यहां पर अकेले ही रहते थे। इलाके निवासियों ने बताया कि घर के बाहर भी काफी खून पड़ा है और घर के अंदर से कोई जवाब नहीं दे रहा है। पुलिस अब घर के सामान की तलाशी ले रही है साथ ही दंपति के परिवार के सदस्यों से भी संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। गौर हो कि इससे पहले शनिवार को दो जगहों से मर्डर की घटनाएं सामने आई थीं। पहला मामला महरौली का था। वहां शख्स ने पत्नी और तीन बच्चों की गला रेतकर हत्या कर दी थी। दूसरा मामला द्वारका का था। वहां ब्लाइंड म्यूजिक टीचर और उनकी पत्नी की चाकू गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। दोनों की गर्दन और पेट पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए गए हैं।

# मुम्बई के कुख्यात रावण गैंग के तीन शार्प शूटर धरे गये

**देहरादून (आरएनएस)।** उत्तराखण्ड में बड़ी वारदात की फिराक में घूम रहे मुम्बई के कुख्यात रावण गैंग के तीन शार्प शूटरों को पुलिस ने प्रेमनगर से गिरफ्तार कर लिया। तीनों 10 दिन पहले ही देहरादून आये थे। यहां किसी वारदात को अंजाम देने के बाद आगे भाग निकलने की योजना थी। तीनो पर पूना में मकोका के तहत केस दर्ज है। बीते सात जून को पूना में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यछ दातेसने के दफ्तर में तोड़फोड़ के मामले में तीनों का नाम सामने आया था। शूटरों की पहचान अक्षय प्रभाकर सांवले पुत्र प्रभाकर सांवले निवासी अककुरेडी शीतला देवी मंदिर सुदाय कारबोर साल थाना निगड़ी जिला पुणे, दिनेश पुखराज रेणुवा पुत्र पुखराज रेणुआ निवासी मोर बस्ती चिखली साई बाबा मंदिर के पास मानेचल रूम नंबर 3 थाना निगड़ी जिला पुणे व आकाश गणेश पवार पुत्र गणेश पवार निवासी इंदिरा नगर डबल ट्री होटल के बगल में थाना पिंपरी जिला पुणे के रूप में हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद देहरादून को गोपनीय रूप से जानकारी मिली थी कि जनपद देहरादून में एक बाहरी गैंग सक्रिय है जो जनपद में कोई घटना कर सकता है। जिस पर जनपद के सभी थाना चैकियों को अर्लट किया गया था। इसी क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर महोदय द्वारा भी थाना क्षेत्र में बंद घरों, एटीएम बैंक, ज्वैलरी शाप, मोबाईल शाप आदि की चेकिंग एवं निगरानी के निर्देश जारी किए गये थे इसी क्रम में 21 जून को को श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर महोदया के पर्यवेक्षण



एवं पुलिस उपाधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन में थानाध्यक्ष प्रेमनगर द्वारा थाना एवं चैकी के पुलिस बल की अलग–अलग टीमें बनाकर चेकिंग की जा रही थी कि रात्रि लगभग 11:00 बजे थानाध्यक्ष प्रेमनगर को सूचना प्राप्त हुई कि जेल के पास नदी किनारे सुनसान जगह पर कुछ लोग लूट की योजना बना रहे हैं इस सूचना पर विश्वास कर थाना एवं चौकी के पर्याप्त पुलिस बल के साथ दबिश दी गयी तो तीन व्यक्तियों लूट की योजना बनाते हुए पकड़ा गया, तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 02 पिस्टल 12 कारतूस एवं एक तमंचा 12 बोर व 04 कारतूस एवं 01 अदद मोटर साईकिल महाराष्ट्र नम्बर की व 07 अदद मोबाईल फोन जिसमें 04 एण्ड्रायड एवं 03 छोटे मोबाईल थे एवं 10 सिम अलग–अलग कम्पनियों के बरामद हुए सख्ती से पूछताछ करने पर इनके द्वारा अपने आप को पुणे महाराष्ट्र का होना बताया तथा अपने आपको रावण गैंग का सक्रिय सदस्य होना बताया (उक्त गैंग में 22 सदस्य है जिसमें से 16 सदस्य जेल में है) और बताया कि हम लोग लगभग पिछले 02 साल से अपनी पहचान छिपाकर अलग–अलग शहरों में रहते है तथा पिछले 01 सप्ताह से प्रेमनगर, देहरादून में किराये के मकान में रह रहे थे हमारा सारा पैसा खत्म हो चुका है यहा से अन्य शहर में जाने के लिए आज हम लोग किसी सुनसान जगह में लूट कर फरार होने की फिराक में थे और हम इसी प्रकार चोरी, लूट आदि करके अपना जीवन यापन करते हैं क्योंकि हमारे खिलाफ महाराष्ट्र में कई संगीन अपराध पंजीकृत है हमारे खिलाफ मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल आफ आर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट) के तहत अभियोग भी दर्ज हैं यदि हम पकड़े गए तो हमारी जमानत 4–5 साल तक नहीं हो पायेगी तथा हमारे द्वारा अभी दिनांक 07ण06ण2019 को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के चिकली नगर निगम के अध्यक्ष दातेसाने के कार्यालय में तोडफोड एवं मारपीट आदि की गयी थी जिसके कारण महाराष्ट्र पुलिस लगातार हमारा पीछा कर रही थी। जिस कारण हम भागकर यहा आकर छिप गये थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों के बारे में सम्बन्धित जनपद से जानकारी की गई तो पता चला कि अभियुक्त गण एक सक्रिय रावण गैंग के शार्प शूटर है जिनके खिलाफ कई संगीन अभियोग दर्ज है तथा जो नवम्बर, 2017 से फरार चल रहे है तथा अभियुक्त अक्षय प्रभाकर सांवले व गणेश मकोका के तहत फरार चल रहे है तथा इनके गैंग का लीडर अनिकेत भाव रावण की 20 नवम्बर, 2017 को दूसर गैंग द्वारा हत्या कर दी गयी थी।

इस गैंग का पुणे, महाराष्ट्र में काफी आतंक एवं खौफ व्याप्त है जिस कारण इनके खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस द्वारा मकोका के तहत अभियोग पंजिकृत किये गये है। महाराष्ट्र सरकार ने 1999 में मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल आफ आर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट) बनाया था इसका मुख्य मकसद संगठित और अंडर वर्ल्ड अपराध को खत्म करना था।

## सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़, चार आतंकी ढेर

**» हथियार और गोला-बारूद बरामद**

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू एवं कश्मीर के शोपियां जिले में रविवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। जिसमें चार आतंकियों को मार गिराया गया है। इनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि दारमडोरा गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने गांव में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया। दक्षिण कश्मीर के शोपियां के कीगम में दारमदोरा इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना सुरक्षाबलों को मिली थी। पूरा अभियान बाग वाले क्षेत्र पर केंद्रित था। सुरक्षा बलों ने वहां छिपे हुए आतंकवादियों के चारों तरफ घेराबंदी तेज करते ही आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद दोनों तरफ से गोलीबारी होने लगी। इस मुठभेड़ में चार आतंकियों को मार गिराया गया है। हालांकि सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है। ज्ञात हो कि इससे पहले बारामूला जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद का एक आतंकवादी मारा गया। बारामूला जिले के उरी क्षेत्र के बोनियार इलाके में मारे गए आतंकवादी की पहचान लुकमान के तौर पर हुई। पिछले कुछ दिन में घाटी में बढ़ी घुसपैठ के बाद से सतर्क सुरक्षाबल ऐक्शन में हैं। लगातार सर्च ऑपरेशन कर आतंकियों की तलाश की जा रही है।

## पीएम नरेंद्र मोदी ने 40 से ज्यादा अर्थशास्त्रियों की ली राय

**» विकास को गति देने व रोजगार सृजन पर मंथन**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** बजट से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देश के 40 अधिक प्रमुख अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ गहन मंत्रणा की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने आर्थिक हालात पर चर्चा के साथ देश के विकास को गति देने और रोजगार सृजन के लिए आर्थिक नीति तैयार करने पर विचार-विमर्श किया। नीति आयोग की ओर से आयोजित की गई इस बैठक का की थीम आर्थिक नीतियां- आगे का रास्ता थी।



जानकारी के मुताबिक, विशेषज्ञों ने 5 समूहों में, मैक्रो-इकॉनमी, रोजगार, कृषि, जल संसाधन, निर्यात, एजुकेशन और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर अपने सुझाव दिए। यह बैठक हाल में जारी जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि के आंकड़े जारी होने के बाद हुई है। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) के आंकड़े के अनुसार, कृषि और विनिर्माण क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन के कारण 2018-19 की चौथी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर घटकर 5.8 प्रतिशत रही, जो 5 साल का न्यूनतम स्तर है। सीएसओ के आंकड़े में यह भी कहा गया है कि 2017-18 में बेरोजगारी 45 साल के उच्च स्तर 6.1 प्रतिशत पर पहुंच गई। पिछले कार्यकाल में बेरोजगारी के मोर्चे पर सरकार को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। विपक्ष ने चुनाव में इसे बड़ा मुद्दा बनाया था।

गौरतलब है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 5 जुलाई को बजट पेश करेंगी। माना जा रहा है कि देश के आर्थिक विकास को गति देने के लिए वित्त मंत्री अर्थशास्त्रियों से मंथन के बाद कुछ बड़े कदम उठा सकती हैं।

## दिल्ली में मध्य रात्रि फायरिंग, पूर्व महिला पत्रकार को गोली मारी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी के पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार इलाके में शनिवार रात 12.30 बजे एक कार पर गोलीबारी की गई. इस दौरान कार चला रही महिला के हाथ में गोली लग गई. इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे पास के ही एक अस्पताल में भर्ती करवाया है. यहां पर फिलहाल महिला की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है. माना जा रहा है कि वारदात को लूटपाट के इरादे से किया गया है. हालांकि पुलिस को शक है कि महिला पर हमला पारिवारिक रंजिश या किसी निजी दुश्मनी के चलते किया गया है.

पीड़िता की पहचान मिताली चंदोला के तौर पर हुई है. जानकारी के अनुसार मिताली पूर्व पत्रकार हैं. वे शनिवार देर रात धर्मशीला सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के पास से गुजर रही थी. इसी दौरान रेड लाईट के पास पहले गाड़ी के फ्रंट शीशे पर अंडे जैसी कोई चीज फैंकी गई और उसके बाद दो फायर किए गए. इनमें से एक गोली महिला के दाएं हाथ को पार कर गई. फायरिंग की



आवाज सुन लोगों ने पुलिस को सूचित किया. मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को धर्मशीला अस्पताल में ही भर्ती करवाया. यहां पर उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है.

पुलिस का मानना है कि महिला पर पारिवारिक रंजिश या निजी दुश्मनी के चलते हमला किया गया है. हालांकि वहां मौजूद लोगों का मानना है कि जिस तरह से महिला की गाड़ी पर पहले अंडे जैसी चीज फैंकी गई और उसके बाद फायरिंग की गई, उससे यह मामला लूट का भी हो सकता है. लेकिन फायर करने के बाद मौके से आरोपी फरार हो गए. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है.

## दूसरे देश नहीं बता सकते भारतीयों का हाल

**» भारत ने धार्मिक स्वतंत्रता संबंधी अमेरिकी रिपोर्ट को किया खारिज**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत ने अमेरिकी विदेश विभाग की अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट को खारिज किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के नागरिकों के संविधान द्वारा संरक्षित अधिकारों पर टिप्पणी का कोई औचित्य नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने यहां एक बयान में कहा कि भारत को अपनी धर्म निरपेक्षता की विश्वसनीयता, सबसे बड़े लोकतंत्र तथा लंबे अर्से से चले आ रहे सहिष्णु एवं समावेशी समाज पर गर्व है।

कुमार ने कहा कि भारत का संविधान अल्पसंख्यकों सहित अपने सभी नागरिकों को मौलिक अधिकारों की गारंटी देता है। इस बात को हर कहीं मान्यता दी गयी है कि भारत एक जीवंत लोकतंत्र है जहां संविधान धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार तथा लोकतांत्रिक शासन एवं देश का कानून मौलिक अधिकारों का संरक्षण एवं संवर्धन करता है। हम अपने नागरिकों के संवैधानिक रूप से संरक्षित अधिकारों में किसी अन्य देश का हस्तक्षेप नहीं बर्दाश्त करेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि एक विदेशी संस्था द्वारा हमारे नागरिकों के संविधान संरक्षित अधिकारों की स्थिति पर टिप्पणी करने का कोई औचित्य नहीं है। अमेरिकी विदेश



विभाग ने अपनी वार्षिक 2018 अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट में आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों ने अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ भड़काऊ भाषण दिए। रिपोर्ट में कहा गया कि, हिंसक चरमपंथी हिंदू समूहों द्वारा अल्पसंख्यकों समुदायों, विशेष रूप से मुसलमानों के खिलाफ भीड़ पर हमला, अफवाह के दौरान पीड़ितों ने गायों को मारने या मारने की अफवाहों के बीच पूरे साल जारी रखा।

## दिवाली पर पटाखे चलाना युवक को पड़ा मंहगा, लगा 15 हजार का जुर्माना

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** तय सीमा के बाद पटाखे चलाने को लेकर संभवतः पहली बार कोर्ट ने किसी व्यक्ति पर जुर्माना लगाया और चेतावनी के बाद उसे छोड़ा गया है. उल्लेखनीय है कि दिल्ली में पिछली दिवाली पर पटाखे चलाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने समय सीमा तय की थी, जिसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करने का पुलिस को आदेश दिया गया था. जिस आरोपी पर दिल्ली पुलिस ने जुर्माना लगाया उसने पुलिस के रोकने के बाद भी पटाखे चलाना जारी रखा था.



आरोपी की पहचान पुलिस ने मयंक सिंह के तौर पर की थी. जानकारी के अनुसार 7 नवंबर 2018 की रात को पुलिस गश्त कर रही थी. इसी दौरान मयंक दस बजे बाद सड़क पर पटाखे चला रहा था. इस दौरान पुलिस ने उसे एक बार चेतावनी देकर छोड़ दिया. बाद में पुलिस जब गश्त करती हुई फिर उस इलाके से गुजरी तो मयंक वहीं पर खड़ा पटाखे चला रहा था. मना करने के बाद भी जब वह नहीं माना तो पुलिस ने धारा 188 के तहत उसके खिलाफ मामला दर्ज किया था. गौरतलब है कि पिछले साल दिवाली पर एक ही रात में सिर्फ दिल्ली में तय समय के बाद पटाखे चलाने के आरोप में 550 लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए थे. इनमें से तीन सौ लोगों को हिरासत में भी लिया गया था.

## कैलिफोर्निया में 5.5 तीव्रता का भूकंप

**स्कॉटिया (अमेरिका)।** उत्तरी कैलिफोर्निया में प्रशांत महासागर के तटवर्ती इलाके में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण के अनुसार, शाम आठ बजकर 53 मिनट पर आये भूकंप का केन्द्र स्कॉटिया से 17.3 मील दूर दक्षिण पश्चिम में था। भूकंप का केन्द्र 5.6 मील की गहराई में था। मीडिया में आयी खबरों के अनुसार, भूकंप के झटके पूरे क्षेत्र में महसूस हुए। कहीं से जनमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

## श्यामा प्रसाद की मौत की जांच के लिए नेहरू ने नहीं दिए थे आदेश :नड्डा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को एक बार फिर कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मौत की जांच पूरा देश कराना चाहता था, लेकिन पंडित नेहरू ने इसकी जांच के आदेश नहीं दिए. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए नड्डा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा, बीजेपी इसे लेकर प्रतिबद्ध है. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि डॉ मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवाद, दूरदृष्टा और दिशा देने वाले हमारे नेता थे. उन्होंने कहा कि डॉ मुखर्जी किसी पद से जुड़े व्यक्ति नहीं थे वो तो देश की सेवा करने के लिए आगे बढ़े थे.

नड्डा ने बताया कि डॉ मुखर्जी ने कहा था भारत के तिरंगे का ही सम्मान होना चाहिए इसीलिए दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे. उन्हीं के बलिदान के कारण ही आज जम्मू कश्मीर से परमिट सिस्टम समाप्त हुआ है.

डॉ मुखर्जी ने अपने जीवन में जो कार्य किए वो उस समय से बहुत आगे के थे. उन्हीं के प्रयासों से ही आज पश्चिम बंगाल और कश्मीर भारत के अभिन्न अंग हैं. देश डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को सदैव स्मरण करता



रहेगा.

बता दें रविवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य नेताओं ने राजधानी दिल्ली के बीजेपी मुख्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की.